भारत सरकार
संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
**(इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग)**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1059**
जिसका उत्तर 2 मार्च, 2016 को दिया जाना है।
12 फाल्गुन, 1937 (शक)

## डिजिटल इंडिया

**1059. डॉ. पी. वेणुगोपाल :**

क्या संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने डिजिटल इंडिया के कार्यान्वयन के संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के विभिन्न प्रमुखों के साथ चर्चा की है; और

(ख) यदि हां, तो परिणाम सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उ त्त र

**संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद)**

**(क) और (ख)** : जी, हां। सरकार डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के कार्यान्वयन के संबंध में एमएनसी सहित विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुखों के साथ नियमित रूप से चर्चा करती रही है। कार्यान्वित की जा रही योजनाओं/परियोजनाओं के बारे में उद्योग/औद्योगिक निकायों के साथ सघन पणधारक परामर्श किया गया है।

डिजिटल लॉकर, डिजिटल पहचान के रूप में मोबाइल, ई-साइन, निर्णय समर्थन प्रणाली (डीएसएस) के रूप में भौगोलिक सूचना प्रणाली, ई-सेवा प्रदायगी के लिए एकीकृत मोबाइल प्लेटफार्म आदि जैसी विभिन्न योजनाओं/परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर उद्योग के साथ परामर्श किया गया है। इसके अलावा, 1 से 7 जुलाई, 2015 के दौरान आयोजित किए गए डिजिटल इंडिया सप्ताह में भी एमएनसी सहित विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुखों ने भाग लिया।

********